(c) whether Government will ensure that money so collected will be utilised for repayment of loans particularly in vifew of the fact that the P&Us were set up after taking loans from abroad also; whether Government have decided *to* resort to any alternative mechanism for disinvestment other than auction; and

(e) if so the details thereof; and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M.V. CHANIHlASHEKHAR. MURTHY): (a) Yes, Sir.

(b) According to the current policy Government will hold a minimum of 51 % shareholding In the PSUs.

(c) The money cplfcetad by the Gowern-mpt will. be credited to the Consolidated Find .of India.

(d) and (e) No final decision has,

सोने और चांदी का आयात एवं निर्यात

1001. **मौलाना अबेदुल्ला खान आजमी** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले वर्ष और इस वर्ष के दौरान आयात और निर्यात किए गए सोने और चांदी की मात्रा और मूल्य क्या हैं ;

(ख) सोने और चांदी का आयात और निर्यात किन-किन दरों पर किया गया ; और

(ग) इस संबंध में अलग-अलग कितना घाटा हुआ अथवा कितना मुनाफा अर्जित किया गया ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) पिछले वर्ष और चालू वर्ष में आयात सामान के लिए सीमा आंकड़ों के अनुसार सोने और चांदी के आयात के संबंध में आंकड़े नीचे दिए गए हैं :—

(मात्रा किग्रा. में)

वर्ष	सोना	चांदी
1993–94	109512.60	2778791.03
1994–95 (अप्रैल से जून, 94)	39404.34	435882.33

पिछले वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सोने चांदी के आयातकों के विनिर्माण एवं निर्यात के लिए आवश्यक सोने और चांदी का मूल्य नीचे दिया गया है :—

(मूल्य मिलियन अमरीकी डालर में)

वर्ष	सोना	चांदी
1993–94	176.32	7 62
1994–95 (अप्रैल से मई, 94)	I4.10	0.08

(स्रोत : जी.जे.ई.पी.सी.)

विशेष आयात लाइसेंसों के अन्तर्गत सोने/चांदी के आयात के संबंध में उपलब्ध सूचना इस प्रकार है :—

अप्रैल, 94 से 21-7-1994	सोना	7.014 टन
मई, 94 से जून, 94	चांदी	80 टन

(स्रोत : जी.ज.ई.पी.सी.)

(ख) रत्न और आभूषणों के निर्यातक सोने एवं चांदी का आयात व्याप्त अन्तर्राष्ट्रीय दरों पर करते हैं। सोने/चांदी का निर्यात मूल रूप में नहीं किया जाता। फिर भी, पिछले वर्ष और चालू वर्ष के दौरान सोने के आभूषणों तथा सोना-भिन्न के आभूषणों का निर्यात इस प्रकार है :—

(मूल्य मिलियन अमरीकी डालर में)

वर्ष	सोने के आभूषण	सोने भिन्न के आभूषण
1993-94	365.57	8.47
1994-95 (अप्रैल से मई, 1994)	57.07	0.78

(ग) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता क्योंकि सरकार सोने और चांदी का आयात नहीं करती।

सिक्कों का निर्माण

1092. मोहम्मद शहाबुद्दीन : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय विभिन्न सिक्कों के निर्माण पर कितनी-कितनी लागत आती है ;

(ख) क्या सरकार ने पांच, दस और बीस पैसे के सिक्कों का निर्माण बंद कर दिया है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण

(घ) क्या सरकार को इसकी जानकारी है कि देश के कई भागों में 25 पैसे से कम मूल्य के सिक्कों को स्वीकार नहीं किया जा रहा है ; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) टकसालों में विभिन्न मूल्यवर्गों के सिक्कों के ढालने पर लगाई जा रही लागत नीचे दी गई है:—

मूल्य वर्ग	कुल लागत (प्रतिशतक)
5 रुपये (कूपरी निकल)	2.79 रुपये
2 रुपये (कूपरी निकल)	1.60 रुपये
1 रुपये (स्टेनलेस स्टील)	1.00 रुपये
50 पैसे (स्टेनलेस स्टील)	0.64 रुपये
25 पैसे (स्टेनलेस स्टील)	0.48 रुपये
20 पैसे (अल्यूमीनियम मग्नीशियम)	0.36 रुपये
10 पैसे (स्टेनलेस स्टील)	0.18 पये
5 पैसे (अल्यूमीनियम मैग्नीशियम)	0.21 पये